यूटीयू और यूकॉस्ट के बीच समझौता

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) और उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के बीच विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह और यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत की उपस्थिति में कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह, पब्लिक रिलेशन मैनेजर अमित पोखरियाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत प्रदेश में उद्यमिता को विकसित करने के लिए संयुक्त परियोजना के तहत यूकॉस्ट में प्रौद्योगिकियों की पायलट सुविधा स्थापित की जाएगी। इस दौरान विवि के वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, डॉ. संजय सिंह, दिनेश चंद्र मौजूद रहे। मा.सि.रि.